बाल भारती पब्लिक स्कूल
गंगाराम अस्पताल मार्ग
सत्र – 2013 – 14
कक्षा: आठ
विषय: हिंदी
नियत कार्य संख्या – 6

SA – 2

पाठ्य पुस्तक: प्रायश्चित, दोहे
व्याकरण: अपठित गद्यांश

प्र०1. एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

(क) बिल्ली किससे प्रेम करती थी और रामू की बहू किससे घृणा करती थी?
(ख) रामू की बहू के ससुराल आने पर सास जी ने क्या किया?
(ग) रामू की बहू ने क्या तय किया?
(घ) बिल्ली को फँसाने के लिए क्या लाया गया तथा उसमें क्या-क्या रखा गया?
(ङ) रामू की बहू ने किस बात के लिए कमर कस ली?
(च) मिसरानी ने पंडितजी पर क्या व्यंग्य किया?
(छ) महरी ने लड़खड़ाते हुए स्वर में क्या कहा?

प्र०2. किसने किससे कहा?

(क) "बिल्ली की हत्या और आदमी की हत्या बराबर है।"
(ख) "अब जब तक बहू के सिर से हत्या न उतर जाए, तब तक न कोई पानी पी सकता है, न खाना खा सकता है।"
(ग) "हरे कृष्ण, हरे कृष्ण! बड़ा बुरा हुआ! प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में बिल्ली की हत्या।"

प्र०3. उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(क) कबरी के हौसले बढ़ जाने से रामू की बहू का घर में रहना —— हो गया। (आसान / मुश्किल)
(ख) कबरी देहरी पर बैठी बड़े प्रेम से —— रही है। (घूर / ताक)
(ग) इसकी चिंता मत करो, मैं अकेले दोनों समय —— कर लूँगा। (व्रत / भोजन)

प्र०4. उचित वर्तनी पर (✓) का चिह्न लगाइए।

(क) इकीस, इक्कीस, इकिकस।
(ख) ब्राह्मर्ण, ब्राह्मन, ब्राह्मण
(ग) मरयादा, मर्यादा, मयार्दा

प्र०5. शब्द के उचित अर्थ पर (✓) का चिह्न लगाइए।
(क) परख — (खोज / जाँच)
(ख) कुंभीपाक — (भयंकर / डरावना)
(ग) किफायत — (खर्च / बचत
(घ) सतर्क — (असावधान / सावधान)

## दोहे

प्र०1. एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए।
(क) कवि ने मन की क्या विशेषता बताई है?
(ख) मैं शब्द का प्रयोग कवि ने किसके लिए किया है?
(ग) 'सीस देइ' से कवि का क्या अभिप्राय है?
(घ) दूसरों की बुराइयाँ खोजने से पहले हमें क्या करना चाहिए?
(ङ) कवि के अनुसार माँगने वालों की तुलना में निम्न स्थिति किसकी है?
(च) अच्छा परिणाम पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

प्र०2. शुद्ध कीजिए।
नाहिं, काल्हि, परलै, मनुवाँ, दिसि, सुमिरन।

प्र०3. शब्द का उचित अर्थ छाँटकर (✓) का चिह्न लगाइए।
(क) सांकरी — (चौड़ी / सँकरी)
(ख) हाट — (दुकान / बाज़ार)
(ग) सुमिरन — (याद करना / भूल जाना)

प्र०4. दोहे की पंक्ति पूर्ण कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) प्रेम — — — —, तामें दो न समाहिं।
(ख) पल में — — — — कब।
(ग) जो पहले कीजे जतन — — —।

प्र०5. अभ्यास के लिए अध्याय-37 के अपठित गद्यांशों को पढ़कर उनके प्रश्नोत्तर लिखिए।